रोहतक
गुरुवार, 20 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 21
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 29.3
न्यून. 8.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.18 | 28.21 ▼ |
| निफ्टी | 22,932.90 | 12.40 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 89,400 /- | 900/- ▲ |
| चांदी | 99,600/- | 600/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | तेजी |
|---|---|---|
| रुपया | 86.96 | --- |
| क्रूड ऑयल | 76.33/ बैरल | 0.65% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# सार्वजनिक भवनों में बच्चों की देखभाल और भोजन कक्ष सुनिश्चित करें राज्य

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, माताओं की निजता सुनिश्चित करें**

**यह शिशुओं के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा**

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सार्वजनिक भवनों में बच्चों की देखभाल और शिशुओं को दूध पिलाने के लिए अलग-अलग कमरों की आवश्यकता पर जोर दिया। शीर्ष कोर्ट ने राज्य सरकारों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ऐसी सविधाएं प्रदान की जाएं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति प्रसन्न बी वराले की पीठ ने कहा कि इस तरह के सुविधा केंद्रों की स्थापना से माताओं की निजता सुनश्चित होगी और यह शिशुओं के लिए फायदेमंद साबित होगा। अदालत ने कहा कि मौजूदा सार्वजनिक स्थानों पर, जहां तक संभव हो, राज्य सरकारें यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि ऐसी सुविधाएं प्रदान की जाएं।

## पर्याप्त स्थान आरक्षित हो



पीठ ने कहा, 'जहां तक सार्वजनिक स्थानों पर नियोजन और निर्माण के चरण में सार्वजनिक भवनों का सवाल है, राज्य सरकारें यह सुनिश्चित कर सकती हैं कि उपर्युक्त उद्देश्यों के लिए पर्याप्त स्थान आरक्षित हो।' शीर्ष अदालत सार्वजनिक स्थानों पर शिशुओं और माताओं के लिए 'दुग्धपान कक्ष', बाल देखभाल कक्ष या कोई अन्य सुविधाएं स्थापित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## यह भी कहा कोर्ट ने

केंद्र के वकील ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सचिव ने 27 फरवरी, 2024 को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को इस मुद्दे पर एक पत्र जारी किया था। पीठ ने कहा कि उसे पता है कि उसने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोई नोटिस जारी नहीं किया है, और सचिव के संचार पर संतोष व्यक्त किया, जिसमें याचिका में उल्लिखित अनुरोधों को शामिल किया गया है।

## दो सप्ताह में लागू हो नियम

पीठ ने कहा, 'इसके अवलोकन से हमें पता चला है कि सार्वजनिक स्थानों पर उक्त सुविधाएं स्थापित करने की सलाह का उद्देश्य गोपनीयता सुनिश्चित करना और छोटे बच्चों वाली माताओं के कर्तव्यों के निर्वहन में आसानी तथा शिशुओं के लाभ के लिए है।' पीठ ने याचिका का निपटारा कर दिया और केंद्र को दो सप्ताह के भीतर उसके निर्देश का पालन करने के लिए कहा। पीठ ने कहा कि यदि राज्यों द्वारा इस सलाह पर अमल किया जाता है, तो यह युवा माताओं के शिशुओं को दूध पिलाते समय गोपनीयता की सुविधा प्रदान करने में काफी मददगार साबित होगा।

# इस बार सरसों की सरकारी खरीद 15 मार्च से शुरू होगी : सीएम सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

**सीएम बोले, किसान हितों को ध्यान में रख लिया निर्णय, खरीद के लिए 108 मंडियां निर्धारित की**

**5950 रुपये एमएसपी पर खरीदी जाएगी सरसों, पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी**



सीएम नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार सरसों की फसल के मंडी में जल्द आगमन को देखते हुए 28 मार्च की बजाए 15 मार्च से ही सरकारी खरीद शुरू कर दी जाएगी। सैनी ने यहां रबी विपणन मौसम 2025-26 के दौरान सरसों की खरीद करने बारे आयोजित समीक्षा बैठक में सरसों की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि राज्य सरकार किसान हितों को हमेशा सर्वोपरि रखती है और हमेशा किसानों की भलाई के कार्यों को तवज्जो देती है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाएगी। इस साल एमएसपी 5950 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है।

## अधिकारियों को दिए निर्देश

सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सरसों खरीद के लिए 108 मंडियां तय की गई हैं। उन्होंने खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड व संबंधित विभागों को सरसों की खरीद सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। राज्य में इस बार 21.08 लाख एकड़ में सरसों उगाई गई है। ऐसे में अनुमानित उत्पादन 15.59 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### पंजाब में भ्रष्टाचार के आरोपों में 52 पुलिसकर्मी बर्खास्त

**चंडीगढ़।** पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में एक सप्ताह में 52 अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त किए गए पुलिसकर्मियों में कांस्टेबल से लेकर निरीक्षक (इंस्पेक्टर) रैंक तक के कर्मी शामिल हैं। यादव ने कहा, संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि पुलिस बल में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' बल भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भाषा

### अमृतसर में सीमा पर तस्करी गिरोह पकड़ा

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस की सीआई शाखा ने अमृतसर में सीमा पार से संचालित तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है व 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद करने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि सीआई टीम को सूचना मिली थी कि आरोपित हरमनदीप सिंह ने पाक स्थित मादक पदार्थ तस्करों सीमा पार से हेरोइन की एक बड़ी खेप मंगवाई है। हरमनदीप यह खेप अमृतसर के राम तीरथ रोड, मोड़ गांव काले में किसी को देने जा रहा था। तभी पकड़ लिया। भाषा

### परीक्षा में भ्रष्टाचार: 5 रेलवे अफसरों समेत 6 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने विभागीय परीक्षा में अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत लेने के आरोप में वडोदरा डिवीजन में तैनात भारतीय रेलवे कार्मिक सेवा के दो अधिकारियों सहित पांच रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा सहित 11 स्थानों पर छापेमारी के दौरान 650 ग्राम सोना और पांच लाख रुपये नकदी जब्त की। भाषा

# हरियाणा की रेखा होंगी दिल्ली की सीएम, सरकार बनाने का दावा पेश

## विधायक दल की बैठक में मुहर : आज दोपहर रामलीला मैदान में होगा शपथ समारोह

**शपथ समारोह में पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री व भाजपा शासित राज्यों के सीएम शामिल होंगे**

**नई दिल्ली (भाषा)।** हरियाणा में जींद जिले के गांव नंदगढ़ निवासी और शालीमार बाग विधानसभा सीट से पहली बार जीतीं भाजपा विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री होंगी। दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में उन्हें सर्वसम्मति से पार्टी विधायक दल की नेता चुना गया। इसके बाद उन्होंने एलजी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। गुरुवार दोपहर रामलीला मैदान में शपथग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत कई बड़े नेता और कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। दोनों ने विधायक दल की बैठक से पहले सभी विधायकों से बात की। इसके बाद विधायक दल की बैठक में सतीश उपाध्याय और विजेंद्र गुप्ता ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, फिर सीएम के नाम का ऐलान किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में सिर्फ सीएम ही चुना गया है। सूत्रों का कहना है कि रेखा के साथ पांच मंत्री भी शपथ ग्रहण कर सकते हैं। सीएम चुने जाने के बाद पीएम मोदी ने रेखा को बधाई दी।



### दोपहर 12:35 बजे शपथ समारोह

मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगा। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। कार्यक्रम में 30 हजार मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है। सुरक्षा के लिए 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं अर्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां कड़ी निगरानी रखेंगी।'

### छात्र संघ अध्यक्ष से सीएम तक का सफर

- रेखा कॉलेज में 1993 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति में आईं।
- 1996-1997 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की अध्यक्ष बनीं। रेखा गुप्ता 2007 और 2012 में उत्तरी पीतमपुरा से निगम पार्षद निर्वाचित हुईं।
- 2022 में नगर निगम के मेयर पद के लिए भाजपा की ओर से इनका नाम सामने आया। भाजपा संगठन में कई जिम्मेदारियां निभा चुकी हैं।

**हरियाणा से तीसरी सीएम :** भाजपा की तेज तर्रार नेता और अंबाला की बेटी सुषमा स्वराज को 1998 में भाजपा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि वे सिर्फ 52 दिन ही मुख्यमंत्री रही। इसके बाद आप सुप्रीमो व हिसार के अरविंद केजरीवाल 2013 से 24 के बीच में 10 साल दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे। अब रेखा गुप्ता हरियाणा से दिल्ली की तीसरी सीएम बनेंगी।

### कौन हैं रेखा गुप्ता

रेखा गुप्ता मूल रूप से जींद के जुलाना के नंदगढ़ गांव की रहने वाली हैं। इनके परिवार के लोग अभी भी जुलाना अनाजमंडी में आढ़त का काम करते हैं। रेखा का जन्म नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। जब वह दो साल की थीं तब उनके पिता जयभगवान गुप्ता की नौकरी दिल्ली में एसबीआई में मैनेजर के पद पर लगी थी। उनके दिल्ली जाने के बाद 1976 में पूरा परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया। रेखा ने दिल्ली से ही पूरी पढ़ाई की।

***रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनेंगी। उनसे पहने भाजपा नेता सुषमा स्वराज कांग्रेस नेता शीला दीक्षित और आप नेता आतिशी दिल्ली की महिला सीएम बनी हैं।***



भिवानी। खनन कार्य बंद होने के बाद माइनिंग जोन में खड़े डंपर। *फोटो : हरिभूमि*

# अटेला कलां में माइनिंग कंपनी पर दूसरे दिन भी छापेमारी जारी

***इनकम टैक्स की टीम कर रही जांच, खनन कार्य बंद***

***टीम ने पोर्टल व बैंक अकाउंट की डिटेल खंगाली***

**बाढ़डा (हरिभूमि न्यूज)।** अटेला कलां माइनिंग क्षेत्र में माइनिंग कंपनी के कार्यालयों पर दूसरे दिन भी छापे जारी रहे। आयकर विभाग की टीम डिप्टी डायरेक्टर विकास जाखड़ की अगुवाई में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे दादरी पहुंची थी। बुधवार को भी टीम ने कार्रवाई की। समाचार लिखे जाने तब छापे जारी थे। टीम सदस्यों ने किसी प्रकार की जानकारी सांझा नहीं की। वहीं बाहरी लोगों को अंदर जाने से रोकने के लिए सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। अटेला कलां माइनिंग क्षेत्र में पहुंचकर माइनिंग कंपनी के कार्यालयों पर छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने माइनिंग में काम करने वाले मशीन ऑपरेटर को भी वहीं बैठाए रखा।

## रात को भी डटी रही टीम

सीआरपीएफ जवानों ने किसी भी बाहरी व्यक्ति को वहां प्रवेश नहीं करने दिया गया। टीम रात को भी वहीं रुकी रही और बुधवार दूसरे दिन भी दस्तावेजों को खंगाला। अटेला कलां माइनिंग क्षेत्र में दो दिन से खनन कार्य पूरी तरह से बंद है। खनन कार्य बंद होने के कारण वहां काफी संख्या में ट्रक चालक पत्थर भरने के इंतजार में खड़े हैं। वहीं टीम द्वारा किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा नहीं की गई है। जिसके चलते अभी तक यह स्थित स्पष्ट नहीं हो पाई है कि पोर्टल, बैंक अकाऊंट के लेनदेन की जानकारी खंगाली जा रही है या कुछ और चल रहा है।

# दिल्ली में घर में आग लगी सेकेंड फ्लोर से कूदे 6 लोग

**2 महिलाएं, 3 युवक व एक नाबालिग अस्पताल में**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के नांगलोई में सोमवार रात एक दो मंजिला घर में आग लग गई। इस दौरान कई लोग बिल्डिंग में फंस गए। छह लोगों ने बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर से कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि उन्हें चोट आई है। सभी अस्पताल में एडमिट हैं। घायल लोगों में दो महिलाएं, तीन युवक और एक नाबालिग हैं। बताया जा रहा है ये हादसा गैस लीक होने की वजह से हुआ। घटना का वीडियो अब सामने आया है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंच गईं। फायर ब्रिगेड टीम के मुताबिक, आग लगने की



सूचना सोमवार रात 9:45 पर मिली थी। तीन गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

# अंबाला में डंपर से टकराकर स्कूल बस पलटी, 7 घायल

**दो की हालत गंभीर, घायलों में 5 शिक्षक, चालक और छात्र शामिल**

**अंबाला (हरिभूमि न्यूज)।** साहा में एक निजी स्कूल की बस डंपर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 5 शिक्षक, बस चालक और एक छात्र हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि साहा रोड पर कड़ासन के पास तेजस स्कूल की बस छुट्‌टी होने के बाद स्टाफ और बच्चों को छोड़ने जा रही थी। तभी एक तेज रफ्तार डंपर ने बस को टक्कर मार दी। इससे यह हादसा हो गया। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार बस में 7 लोग सवार थे, जिनमें सभी को चोटें आई हैं। बस का चालक गंभीर रूप से घायल है। वहीं, डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# एमपी में मुठभेड़, 3 महिला नक्सली समेत 4 मार गिराए

**बालाघाट में चारों के शव बरामद**

**बालाघाट (भाषा)।** बालाघाट के गढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 4 नक्सलियों को मार गिराया। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। बताया जा रहा है कि कुछ घायल नक्सली जंगल की ओर भाग गए। पुलिस इलाके में तलाशी अभियान चला रही है। सूपखार वनक्षेत्र के रौंदा फॉरेस्ट कैंप के पास पुलिस और हॉक फोर्स ने ये कार्रवाई की है। एएसपी विजय डाबर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। एएसपी ने बताया कि मारी गई महिला नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल बरामद की गई हैं। इसके अलावा, दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री भी मिली है।

## सर्चिंग में जुटीं पुलिस की 12 से ज्यादा टीमें

एएसपी ने बताया कि नक्सलियों की तलाश के लिए जंगल में जवान सर्चिंग में जुटे हैं। हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा और जिला पुलिस बल की 12 से अधिक टीमें सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं। हालांकि पुलिस की ओर से मुठभेड़ को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। मारी गई महिला नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं, एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव ने पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा, राज्य में नक्सलवादी, आतंकवादियों को खत्म करेंगे।

# सीईसी ज्ञानेश कुमार व ईसी जोशी ने संभाला कार्यभार

**2029 तक कार्यकाल हरियाणा कैडर से ईसी विवेक जोशी**

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और विवेक जोशी ने निर्वाचन आयुक्त (ईसी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया। राजीव कुमार के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के एक दिन बाद ज्ञानेश कुमार को निर्वाचन आयोग के प्रमुख का पदभार सौंपा गया। सुखबीर सिंह संधू एक अन्य निर्वाचन आयुक्त हैं। हरियाणा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी विवेक जोशी को सोमवार को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। दोनों का कार्यकाल 2029 तक रहेगा। कुमार





**1988 बैच के केरल कैडर के अधिकारी ज्ञानेश देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त बने, सरकार में कई अहम पदों पर रह चुके**

ने कार्यभार संभालने के बाद मतदाताओं को दिए अपने संदेश में कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए पहला कदम मतदान है। इसलिए 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके भारत के हर एक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और हमेशा मतदान करना चाहिए।

## सीईसी की नियुक्ति वाले कानून पर सुनवाई टली

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बने कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर बुधवार को सुनवाई टल गई। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि समय की कमी के कारण मामले को होली की छुट्टी के बाद सुना जाएगा। फिलहाल कोई तारीख तय नहीं की गई। याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। क्या प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के प्रधान न्यायाधीश की समिति के माध्यम से सीईसी और ईसी की नियुक्ति के लिए 2023 के संविधान पीठ के फैसले का पालन किया जाना चाहिए।

**तैयारी** फरवरी के बाद अप्रैल में हो सकते हैं एग्जाम, शिक्षा मंत्री के साथ बैठक में हुई चर्चा

# सीबीएसई की परीक्षाएं 2026 से वर्ष में दो बार संभव, फरवरी और अप्रैल में परीक्षा!

***यह मसौदा साल 2024 में तैयार हुआ, अगले साल हो सकता है लागू, जेईई की तरह दो बार परीक्षा देना ऑप्शनल होगा***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अगले साल यानी 2026 से 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं एक साल में दो बार आयोजित कर सकता है। यह चर्चा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की बुधवार को सीबीएसई बोर्ड सचिव और दूसरे शिक्षाविदों के साथ हुई एक अहम मीटिंग में हुई। वर्ष 2026-27 सेशन के लिए बोर्ड नया सिलेबस भी जारी करने की सोच रहा है। बता दें कि बोर्ड ने इस योजना का ड्राफ्ट 2024 में तैयार किया था और अब माना जा रहा है कि 2026 से इसे लागू कर दिया जाएगा।

## बैठक में शिक्षा मंत्री समेत ये शामिल हुए

शिक्षा मंत्रालय ने मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में सीबीएसई अधिकारियों और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के प्रमुखों के साथ बैठक में एक चर्चा की, जहां मसौदा योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जो अगले सोमवार को सार्वजनिक परामर्श के लिए निर्धारित हैं।



**छात्रों के पास बेस्ट स्कोर का मौका :** सीबीएसई ने इस योजना में बताया है कि छात्रों के पास साल में दो बार बोर्ड एग्जाम देने से अपना सर्वश्रेष्ठ स्कोर करने का मौका रहेगा। यह सुधार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य बच्चों पर से बोर्ड एग्जाम का दबाव हटाना है और बच्चों को तनाव मुक्त रखना है। कई प्रयासों की पेशकश करके सीबीएसई एक अधिक सहायक शिक्षण वातावरण बनाने का प्रयास करता है जो रटने की तुलना में वैचारिक समझ को प्राथमिकता देता है।

## अगस्त 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया

साल में दो बार बोर्ड एग्जाम की पॉलिसी लागू होने के बाद स्टूडेंट्स के लिए दोनों एग्जाम में शामिल होना ऑप्शनल रहेगा। स्टूडेंट्स जब चाहें उस अटेम्प्ट में बोर्ड एग्जाम दे सकते हैं। अगस्त 2024 में इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया था। जिस तरह स्टूडेंट्स के पास साल में दो साल इंजीनियरिंग कॉलेजों में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम देने का ऑप्शन होता है उसी तरह स्टूडेंट्स 10वीं या 12वीं के एग्जाम साल में दो बार दे सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध खनन में लिप्त आठ वाहन जब्त

**करनाल।** खनन और एनफोर्समेंट विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से बीती शाम जिला के गांव मुंडो गढ़ी में अवैध खनन में लिप्त आठ वाहनों को जब्त किया है। इनके मालिकों पर करीब 17 लाख रुपये जुर्माना किया गया है। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने बीती शाम मुंडो गढ़ी नदी तल क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त 6 खाली ट्राली, एक ट्रैक्टर ट्राली और एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इनके मालिकों पर करीब 17 लाख रुपये जुर्माना किया गया है। एक महीने के भीतर जुर्माना अदा न करने पर खनन एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया जायेगा।

### पत्नी के चाचा बनकर युवक से साइबर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाज ने युवक की पत्नी का चाचा बनकर युवक से हजारों की ठगी कर ली। पुलिस का दी शिकायत में भोंडसी के विजेन्द्र सिंह ने कहा कि बीती 16 फरवरी को उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने विजेंद्र से कहा कि वह उसकी पत्नी का चाचा बोल रहा है। उनकी चाची गुडग़ांव के अस्पताल में भर्ती है और उसके मोबाइल से रुपए नहीं भेजे जा रहे हैं। कॉलर ने कहा कि उसने विजेंद्र के पास 35 हजार रुपए भेजे हैं, जिनको वह उसके द्वारा भेजे गए नंबर पर पेटीएम कर दे। इस बीच विजेंद्र के पास 35 हजार रुपए भेजे जाने का मैसेज आ गया था और उसके पास एक नंबर भी भेज दिया गया था। विजेंद्र ने पहले 15 हजार रुपए पेटीएम किए तो उसके अकाउंट से रुपए कट गए।

### पुलिस ने उद्घोषित आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने लूट के प्रयास के मामले में माननीय अदालत से बेल पर आने के बाद बेल जम्पर होने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने मामले में बताया कि गिरफ्तार आरोपी दर्शन वासी शिव कॉलोनी बल्लबगढ़ का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में जुटी है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नौकरी के लिए गोलमाल : खेल महानिदेशक की जांच में संदिग्ध मिले

# 76 खिलाड़ियों के खेल ग्रेडेशन सर्टिफिकेट रद करने की सिफारिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में नौकरियां पाने के लिए खेल प्रमाण पत्र में गोलमाल का मामला नया नहीं है, इन्हें बनवाने का धंधा काफी समय से चल रहा है। राज्य सरकार के पास पहुंची शिकायतों के बाद खेल महानिदेशक ने इसकी जांच पड़ताल कराई तो 76 खेल ग्रेडेशन सर्टिफिकेट संदिग्ध पाए गए हैं। जिसके बाद में इन्हें खेल निदेशालय की ग्रेडेशन वैरीफिकेशन कमेटी ने प्रमाण पत्रों को रद्द करने की सिफारिश कर दी है। जिसके बाद से प्रमाण पत्रों में खेल करने वालों की नींद हराम हो चली है। सूत्रों का कहना है कि खेल विभाग डीजी द्वारा प्रमाण पत्रों को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। महानिदेशक की रिपोर्ट के आधार पर प्रधान सचिव नवदीप विर्क ने सभी खेल उप निदेशकों को संदिग्ध खिलाड़ियों की सूची भेजकर खिलाड़ियों का पक्ष जानने और उसके आधार पर प्रमाण पत्रों को रद्द करने की कार्रवाई करने के आदेश जारी कर दिए हैं। अहम बात यह है कि जिन खेल उप निदेशकों को ग्रेड सी और ग्रेड डी के इन प्रमाण पत्रों को रद्द करने की कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं, उन्हीं कार्यालयों की ओर से यह सर्टिफिकेट जारी किए थे। खेल विभाग की ओर से खेल उपनिदेशकों को लेकर अभी तक कोई भी जवाबदेही अथवा कार्रवाई की बात नहीं कही जा रही है। खेल प्रमाण पत्रों के आधार पर खेल कोटे से सरकारी नौकरियां प्राप्त की जाती रही हैं। खेल उप निदेशक मंजीत सिंह की ओर से अंबाला, रोहतक, गुरुग्राम और हिसार खेल उप निदेशकों को संदिग्ध सर्टिफिकेट वाले 76 खिलाड़ियों की सूची भेजते हुए साफ कहा गया है कि उनके कार्यालयों की ओर से जारी ग्रेडेशन

■ सर्टिफिकेट साल 2018 से 2022 के बीच जारी किए गए

### यहां- यहां जाली सर्टिफिकेट

| जिला | खिलाड़ी | जिला | खिलाड़ी |
|---|---|---|---|
| पानीपत | 2 | हिसार | 9 |
| रोहतक | 5 | झज्जर | 1 |
| सोनीपत | 10 | जींद | 7 |
| रोहतक | 1 | कैथल | 3 |
| दादरी | 1 | करनाल | 3 |
| भिवानी | 21 | कुरुक्षेत्र | 5 |
| फरीदाबाद | 2 | महेंद्रगढ़ | 3 |
| फतेहाबाद | 2 | पलवल | 2 |

### खिलाड़ियों को दिया गया पक्ष रखने का मौका

खिलाड़ियों को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया है। उनके जवाब के आधार पर खेल प्रमाण पत्रों को रद्द करने की कार्रवाई तुरंत प्रभाव से अमल में लाने का आदेश भी दिया गया है। खेल कोटे से खिलाड़ियों को मिलती है सरकारी नौकरी हरियाणा सरकार ने खेल कोटे के तहत खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां प्रदान करने की नीति बनाई हुई है। पॉलिसी में समय-समय पर राज्य सरकारें अपनी सुविधा अनुसार बदलाव करती रही हैं। विभिन्न प्रकार के खेलों में भागीदारी और मैडल हासिल करने के आधार पर खिलाड़ियों के ग्रेडेशन सर्टिफिकेट प्रदान किए जाते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार कई विभागों में खेल कोटे के तहत दी जाने वाली नौकरियों को बहाल कर चुकी है। खेल विभाग में सीधे डिप्टी डायरेक्टर नियुक्त करने की शुरुआत पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की सरकार में हुई थी।

सर्टिफिकेट की निदेशालय में गठित ग्रेडेशन वैरीफिकेशन कमेटी ने जांच की है। जांच पड़ताल में प्रमाण पत्रों को नियमों के विरुद्ध पाया है। यह सभी सर्टिफिकेट साल 2018 से 2022 के बीच जारी किए गए हैं।

### हुड्डा सरकार में हुई थी पुलिस में सीधी भर्ती की शुरुआत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार के वक्त में खेल कोटे से नौकरी दिए जाने की शुरुआत हुई थी। हालांकि कई बार इस तरह के प्रमाण पत्रों को लेकर सवाल भी उठाए गए हैं। राज्य में एचसीएस बनाए जाने के मामले में भी सर्टिफिकेट को लेकर चर्चित व तत्कालीन विभाग की कमान संभालने वाले आईएएस खेमका ने सवाल खड़े किए थे। इसके अलावा ओलिंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियाई खेलों के विजेताओं को पुलिस में सीधे डीएसपी, इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर लगाने की शुरुआत की थी। मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में पॉलिसी में संशोधन कर पदक विजेता खिलाड़ियों को एचपीएस के अलावा एचसीएस लगाने का निर्णय लिया था।

### भाजपा सरकार ने नियम बदले

सीधे ही डीएसपी भर्ती करने के मामले में भाजपा की दूसरी बार बनी सरकार ने बदलाव किया था। मनोहर पार्ट-टू सरकार में पार्ट-वन सरकार के फैसले को बदलते हुए खेल विभाग में ही डिप्टी डायरेक्टर के नए पद सृजित किए थे। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कई विभागों में खेल कोटे की नौकरियां बहाल कर दी हैं। जिन खिलाड़ियों के प्रमाण पत्र रद्द होंगे, उन्हें हरियाणा की 25 मई 2018 को अधिसूचित संशोधित खेल नीति के अनुसार अपना प्रमाण पत्र बनवाना होगा। 27 खिलाड़ियों के पास ग्रेड-सी के फर्जी सर्टिफिकेट- खेल उपनिदेशकों के अलावा खेल विभाग की ओर से 15 जिलों के जिला खेल अधिकारियों को भी संदिग्ध प्रमाण पत्रों वाले खिलाड़ियों की सूची भेज दी गई है। इस तरह के जिलों में भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, नारनौल, पलवल, पानीपत, रोहतक व सोनीपत शामिल हैं। जिन 76 खिलाड़ियों के ग्रेडेशन सर्टिफिकेट पर सवाल उठाए गए, उनमें 27 खिलाड़ियों के पास 'ग्रेड-सी' के सर्टिफिकेट हैं और बाकी के पास 'ग्रेड-डी' के सर्टिफिकेट हैं।

## डबवाली में फिर मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

■ बिज्जूवाली के सरपंच ने पुलिस को दी सूचना, कब्जे में लिया




**डबवाली।** डबवाली इलाके में बुधवार को फिर एक पाकिस्तानी गुब्बारा मिला। यह गुब्बारा गांव बिज्जूवाली के बंटी व नितिन मेहता के गेहूं के खेत में पड़ा हुआ था। कृषक ने जैसे ही यह गुब्बारा देखा उसने गांव के सरपंच व पुलिस को सूचना दी।

संतरी रंग के इस गुब्बारे पर पीआईएल, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर गुब्बारे को कब्जे मे ले लिया और जांच शुरू कर दी। गौरतलब है कि इस तरह के कई गुब्बारे अब तक डबवाली इलाके में मिल चुके हैं। पुलिस अभी तक यह खुलासा नहीं कर पाई कि यह गुब्बारे पाकिस्तान से उड़ कर आते हैं या फिर कोई स्थानीय व्यक्ति शरारत करता है।

## ड्रग पैडलर ने फास्ट फूड विक्रेता को लगाया नशे का इंजेक्शन

■ स्वास्थ्य बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले गए, तोड़ दिया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के चीका में एक आरोपी ने एक युवक को नशे का इंजेक्शन लगा दिया। इससे 22 वर्षीय युवक की तबियत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में युवक की पत्नी ने चीका थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### नशे का आदी था



गोशाला रोड चीका निवासी काजल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिवार चीका में किराये के मकान में रहता है। उसका पति विजय कुमार फास्ट फूड की रेहड़ी लगाता था, जो पिछले कई साल से स्मैक का नशा करता था। इस कारण से आर्थिक तंगी की वजह से घर मे कई बार विवाद भी होता था।

### नशे के बाद हालत हुई खराब

17 फरवरी को वह दूध लेने के लिए बाहर गई तो उसी समय लखविंद्र सिंह उनके घर आ गया। वह वापस आई तो देखा कि लखविंद्र उसके पति को इंजेक्शन लगा रहा था। आरोपी उसके पति को नशा देकर भाग गया। उसके जाने के तुरंत बाद उसके पति की हालत खराब हो गई। वे उसे सरकारी अस्पताल गुहला लेकर गए, जहां पर डॉक्टर ने उसके पति को मृत करार दे दिया।

### ड्रग तस्कर बोला, कानून मेरा कुछ नहीं कर सकता

चीका के पास गांव श्यो माजरा निवासी लखविंद्र सिंह नशा बेचने का धंधा करता है जिसने उसके पति को कई बार नशा करने के लिए कहा। उन्होंने आरोपी को इस बारे मना भी किया था, लेकिन वह कहता है कि यह उसका काम है और वह नशा बेचता रहेगा। कानून भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। आरोपी उसके पति को नशा देने के लिए फोन करके बुलाता था ताकि उसका ग्राहक न टूटे।

### पत्नी की शिकायत पर केस

जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर लखविंद्र सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भिवानी पुलिस के मुंबई पहुंचने से पहले नकली करंसी छापने का आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल (भिवानी)

फर्जी करेंसी छापने के प्रयास में गिरफ्तार आरोपी दिनेश को लेकर मुंबई गई बहल पुलिस बुधवार को वापस लौट गई। पुलिस आरोपियों द्वारा बताए ठिकाने पर मुंबई तो गई पर वहां पुलिस को खास सफलता नहीं मिल पाई। पुलिस के मुंबई आने की सूचना मिलने पर उक्त व्यक्ति अपने घर पर ताला लगाकर फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने गाजीपुर से 13 फरवरी को गिरफ्तार आरोपी संदीप को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस को मामले में गिरफ्तार आरोपी सिरसी गांव निवासी दिनेश से पूछताछ में पता चला था कि उसका गाजीपुर निवासी संदीप के पास आना जाना था और इस मामले के तार वहीं से जुड़े थे।

पुलिस ने दिनेश के बताए पते पर गाजीपुर पहुंचकर संदीप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने संदीप व दिनेश को लेकर गाजीपुर से मुंबई के लिए रवाना हुई। पुलिस को आरोपियों से पता चला था कि उनका मुम्बई में ही किसी व्यक्ति से इंस्टाग्राम पर संपर्क हुआ था। उनको मुंबई निवासी उस व्यक्ति से ही नोट बनाने की प्रक्रिया को सीखा जाना था। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही उक्त व्यक्ति को पुलिस के आने की भनक लग गई और वह मौके से फरार हो गया।

### डीआरआई को लग गई थी भनक

पुलिस थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि मामले में अभी तक यह सामने आया है कि उनका नोट छापने की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई थी। वे अभी तक प्रिंटर के अलावा कुछ अन्य सामान लाए थे। पर, अभी तक उन्होंने नोट छापने की प्रक्रिया को पूरी तरह से शुरू नहीं किया था कि डीआरआई टीम को इसकी भनक लग गई। डीआरआई टीम ने आरोपी दिनेश को उस वक्त उस समय पकड़ लिया था जब वह राजस्थान के सादुलपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा था। पुलिस प्रभारी ने बताया कि पुलिस मुंबई निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार करके मामले की तह तक पहुंचने के प्रयास में है।

## बदमाशों ने गैस एजेंसी की कैशियर से नकदी लूटी

**यमुनानगर।** गांव महलावाली में गैस एजेंसी की कैशियर से बदमाशों ने गल्ले में रखे 5300 रुपये लूट लिए। इसके बाद आरोपी बदमाश मौके से भाग गए। पुलिस ने एजेंसी के मैनेजर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव जड़ौदी निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव महलावाली स्थित गैस एजेंसी पर मैनेजर के पद पर नौकरी करता है। 18 फरवरी को शाम के समय गैस एजेंसी के कार्यालय में कैशियर रोशनी देवी काम कर रही थी। इस दौरान बदमाश कार्यालय में घुस गए और पिस्तौल नुमा हथियार दिखाकर गल्ले में रखे 5300 रुपये लूट लिए। जब रोशनी देवी ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग गए। जब उसे घटना के बारे में पता चला तो वह मौके पर पहुंचा और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## केनरा बैंक का एटीएम तोड़ा

**घरौंडा।** विश्वकर्मा चौंक से नई अनाज मंडी की ओर जाने वाले रास्ते पर एक बैंक का एटीएम तोड़कर कैश निकालने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। नई अनाज मंडी रोड स्थित धर्मवीर कॉलोनी में केनरा बैंक का एटीएम लगा हुआ है। अज्ञात चोरों ने एटीएम को तोड़कर कर कैश चोरी करने का प्रयास किया। एटीएम कैश था या नहीं ये भी तक खुलासा नहीं हो पाया है। लोगो ने घटना की सूचना बैंक अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि नई अनाज मंडी रोड पर स्थित लगे केनरा बैंक के एटीएम को तोड़ कर कैश निकालने का प्रयास किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से मामले की जांच की जा रही है।

**NOTICE**

I, Dilbag Singh S/o Sh. Moji Ram R/o H.No. 1175, Madina Korshan, Teh. Mehem Distt. Rohtak declare that Dilbag Singh & Dilbagh Singh both are same and one person. Now I have changed my name in my Passport from Dilbagh Singh to Dilbag Singh.

**POSITRON HOSPITAL**
**(A unit of MK Super Specialty Hospital Pvt. Ltd.)**
**Sector-35, Suncity, Rohtak, Haryana-124001**
**M. 8571081699, 9518216256**

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिन मरीजों ने "पॉज़िट्रॉन सुपर स्पेशियलिटी और कैंसर अस्पताल, रोहतक" में 31 मार्च-2022 तक भर्ती होकर अपना या अपने परिवार के सदस्य का इलाज कराया है उनके मेडिकल आई.पी.डी. रिकॉर्ड/ओ.पी.डी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र के तहत (F.No.A.12034/3/2014-MH-II-MH-I) नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा 31 मार्च - 2022 से पूर्व के CT, MRI Records/ सीटी एमआरआई रिकॉर्ड के साथ USG (ULTRA-SOUND/ अल्ट्रासाउंड) Register रिकॉर्ड को भी नष्ट किया जा रहा है। इस सूचना/इश्तहार के 30 दिन के बाद रिकार्ड उपलब्ध नहीं होंगे। अतः आप कोई भी दावा अस्पताल पर नहीं कर सकेंगे।

अगर किसी को कोई रिकार्ड चाहिए तो कृपया अस्पताल प्रशासन के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग (दूसरी मंजिल/Second Floor) में मरीज का आई.पी.डी. नंबर और अपने पहचान पत्र के साथ इस सूचना/इश्तहार के 30 दिन के भीतर संपर्क करें।

**नोट :** कृपया अगर कोई रिकार्ड से सम्बंधित जानकारी लेने आये तो मरीज के दाखिले व छुट्टी की तारीख औरआई.पी.डी. नंबर के साथ आये।

Sd/- Auth.Sign Sd/-
Medical Director
(मेडिकल डायरेक्टर)

## महिला की कस्सी मारकर हत्या, खेत के कमरे में अर्धनग्न मिला शव

**जींद।** गांव छात्तर खेत में बने कमरे में अधेड़ महिला का खून से लथपथ अर्धनग्र शव चारपाई पर मिलने से हडकंप मच गया। महिला की हत्या कस्सी से वार कर की गई थी। मृतक महिला से महिला दुष्कर्म की आशंका भी जताई जा रही है। मृतक महिला पड़ोस की रहने वाली थी। महिला रात को छात्तर खेतों में कैसे पहुंची, हत्या क्यों तथा किसने की, इसका खुलासा नही हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी सतबीर के खेत में बने कमरे में बुधवार को चारपाई पर अधेड़ महिला को खून से लथपथ अर्धनग्र महिला का शव पड़े देखा गया। महिला के सिर तथा गर्दन पर तेजधार हथियार से वार किए थे। कुछ बाल कटे हुए थे। नीचे से नग्र थी। नजदीक ही खून से सनी कस्सी पड़ी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि महिला से दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना प्रभारी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। मृतका की पहचाना गांव अलिपुरा निवासी ईशवंती (50) के रूप में हुई। उचाना थाना पुलिस ने मृतका के भाई पिल्लूखेड़ा निवासी ईश्वर की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**जींद।** घटनास्थल पर जांच करते पुलिसकर्मी।

गांव छात्तर निवासी सतबीर के खेत पर उसके परिवार के ही पवन तथा जगदीश ने ठेके पर लिए हुए हैं। महिला का रात को खेत में कमरे में मृत पाने से साफ है कि कोई महिला को यहां पर लेकर आया है। महिला के पति की पहले मौत हो चुकी है।

उसकी तीनों बेटियां शादीशुदा हैं। जबकि बेटा जींद अपने जीजा के पास काम कर रहा है। मृतक ईश्वंती गांव में अकेली रहती थी और मजदूरी करती थी। यह भी साफ है कि हत्या चारपाई पर ही की गई है। अर्धनग्र हालात से दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है।

### पुलिस को जान-पहचान वाले पर शक

हत्या के तौर तरीके से साफ है कि महिला को उसका कोई जानकार लेकर रात को खेत मे आया है। फिर रात को किसी बात पर उनकी तकरार हुई है। जिसके बाद महिला की हत्या कर दी गई। संघर्ष का निशान भी वहां पर नहीं दिखाई दिया। महिला का सामान भी सही सलामत था। यह भी साफ है कि महिला पर वार अचानक किए गए हैं। हत्या देर रात को की गई है। उचाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि मृतका के भाई की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया। दुष्कर्म होने के बारे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5784



**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 5783 का हल





